>

Title: Need to connect NH 71 and NH 152 at Shivani.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।... (व्यवधान) वर्ष 2014 से लेकर अब तक नया हिंदुस्तान खास कर सड़कों के मामले में बना है । माननीय गडकरी जी के प्रयासों से सड़कों का जाल बिछाया गया है । सड़कों की कनेक्टिविटी पहले बहुत कम थी, जिसके कारण हमें किसी जगह पर जाने में बहुत ज्यादा समय लगता था, लेकिन अब हम बहुत कम समय में उन स्थानों पर पहुंच सकते हैं ।... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से तीन-चार बातें अपने लोक सभा क्षेत्र के बारे में कहना चाहता हूं । राष्ट्रीय राजमार्ग-334 मेरे क्षेत्र झज्जर से लुहारी होते हुए रोहतक जाता है । इस पर दस हजार से ज्यादा ट्रक रोज माइनिंग के नाम पर जाते हैं । इस रास्ते को चार लेन का किया जाए । इसी प्रकार से तीन सड़कें, राष्ट्रीय राजमार्ग-71 जो पानीपत, रोहतक और गोहाना से डेढ़ सौ किलोमीटर बाद सिवानी से जुड़ जाती है । लगभग 152 किलोमीटर की सड़क है । सैद्धांतिक तौर पर भारत माला योजना के दौरान माननीय गडकरी जी ने इस सड़क को शामिल किया था ।... (व्यवधान) मेरी प्रार्थना है कि यह सड़क और दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग-9 हिसार से रेवाड़ी तक आज से पांच साल पहले जिसकी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई थी, उस सड़क को भी भारत माला योजना के दूसरे प्रोग्राम में डाला जाए ।... (व्यवधान)

12.12 hrs

At this stage, Shrimati Sonia Gandhi, Shri Rahul Gandhi, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.

महोदय, तीसरी सड़क माननीय प्रधान मंत्री जी ने राजस्थान के चुनाव में डिक्लेयर की थी कि लोहानी से लेकर पहल राजगढ़ होते हुए यह सड़क बनाई

जाएगी । इन तीनों सड़कों को बनाया जाए ।... (व्यवधान) 152डी सड़क मेरे क्षेत्र समसपुर के पास ढाणी फोगाट और रामनगर तक एक सर्विस रोड बनाई जाए । इसी प्रकार से स्पीकर साहब 152डी सड़क पर कुछ 16 फीट के कच्चे पाथ हैं, जहां से ट्रेक्टर-ट्राली में गन्ना ले जाया जाता है । उसकी ऊंचाई में सुधार किया जाए । इसी प्रकार मेरे क्षेत्र में भिवानी लोहारू राष्ट्रीय राजमार्ग 709 नम्बर है । यहां दो बड़े कस्बे लुहानी और जूही में बॉयपास बनाया जाए, ताकि यहां जाम न लगे । भिवानी जींद 709ए और 148 बी पर पांच सड़कें लगती हैं । वहां एक जंक्शन बनाया जाए ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप शेष बातें लिखकर दे दीजिए ।

... (व्यवधान)

श्री धर्मवीर सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, दो-तीन चीजें शेष हैं, उन्हें मैं मंत्री जी को लिखकर दे देता हूं ।